आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 26.08.2024

मुख्य समाचारः—

1— राज्य सरकार ने ऑनलाइन महादेव सट्टा ऐप की जांच सीबीआई को सौंपी—अधिसूचना जारी।

2— बीजापुर जिले में उनतीस लाख रूपए के इनामी पच्चीस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

3— माओवाद प्रभावित नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में आईटीबीपी ने स्थापित किया फील्ड अस्पताल।

4— भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

महादेव सट्टा—सीबीआई जांच

राज्य सरकार ने ऑनलाइन महादेव सट्टा ऐप की जांच सीबीआई को सौंप दी है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि इस मामले में प्रदेश के विभिन्न थानों और ईओडब्ल्यू तथा एसीबी में दर्ज सभी सत्तर केस सीबीआई को ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो जल्द ही मामले की जांच शुरू करेगी।

गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय—ईडी ने इस मामले में ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है।

माओवादी—आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में पच्चीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। उनतीस लाख रूपए के इनामी इन माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक और सीआरपीएफ के डीआईजी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले तीन माओवादियों पर आठ—आठ लाख, एक माओवादी पर तीन लाख और दो एलओएस सदस्यों पर एक—एक लाख रूपए का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि ये सभी माओवादी टेकलु गुड़ेम, मिनपा और गंगालूर में हुई माओवादी घटनाओं में शामिल थे। इन घटनाओं में उनतालीस जवान शहीद हो गए थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सभी आत्मसमर्पित माओवादियों को पच्चीस—पच्चीस हजार रुपए प्रदान किए गए।

यूनिफाइड पेंशन स्कीम—प्रेसवार्ता

केन्द्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम—यूपीएस के संबंध में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में आज विस्तार से जानकारी दी गई। इस संबंध में अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी, मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग और मंडल वित्त प्रबंधक शिवाशीष कुमार ने प्रेसवार्ता लेकर योजना की मुख्य बातों की जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों की पच्चीस वर्ष की न्यूनतम सेवा पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम बारह महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का पचास प्रतिशत निश्चित पेंशन के रूप में दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह वेतन न्यूनतम दस वर्ष की सेवा अवधि तक कम सेवा अवधि के लिए आनुपातिक होगा। वहीं, सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन के रूप में कर्मचारी की मृत्यु से ठीक पहले उसकी पेंशन का साठ प्रतिशत दिया जाएगा। पत्रकारवार्ता में

बताया गया कि सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर दस हजार रुपये प्रति माह दी जाएगी।

वहीं, औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर महंगाई राहत दी जाएगी। इसके अलावा सैन्य कर्मचारियों के मामले में सेवानिवृत्ति के समय ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान, सेवा के प्रत्येक पूर्ण छह महीने के लिए, सेवानिवृत्ति की तिथि पर वेतन और डीए का दसवां हिस्सा दिया जाएगा। इस भुगतान से सुनिश्चित पेंशन की धनराशि कम नहीं होगी।

स्वाइन फ्लू

प्रदेश में बीते पच्चीस दिनों में स्वाइन फ्लू से बारह लोगों की मौत हो गई है। वहीं, राज्य के तेईस जिलों में एक सौ इंक्यानवे मरीजों की पहचान की गई है। इनमें से अंठावन मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि चौबीस लोग होम आइसोलेशन में हैं। सबसे ज्यादा तिरसठ मरीज बिलासपुर में मिले हैं, जबकि रायपुर में चौव्वन मरीजों की पहचान की गई है।

इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने विभागीय अमले को हाई अलर्ट पर रहने और प्रत्येक मरीज की पहचान सुनिश्चित कर उपचार करने के निर्देश दिए हैं।

आईटीबीपी–फील्ड अस्पताल

माओवाद प्रभावित नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी की तिरपनवीं वाहिनी द्वारा सीओबी आकाबेड़ा में छह बिस्तरों वाले फील्ड अस्पताल की स्थापना की गई है। आईटीबीपी के महानिदेशक राहुल रसगोत्रा ने कल 25 अगस्त को इस अस्पताल का वर्चुअल उद्‌घाटन किया। इस अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही योग्य चिकित्सा कर्मियों को तैनात किया गया है। इससे एक ओर जहां स्थानीय निवासियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी, वहीं सुरक्षा कर्मियों के लिए भी यह लाभदायक होगा। फील्ड अस्पताल आकाबेड़ा में आपात स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेन्स सुविधा भी प्रदान की गई है।

सरपंच हत्या

बालोद जिले के संजारी चौकी क्षेत्र के खेरथा बाजार गांव में सरपंच विक्रम सिन्हा की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले के आरोपी पोस्टमास्टर रामजी प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारी नवनीत कौर ने बताया कि सरपंच और पोस्टमास्टर रविवार की रात साथ बैठे थे। इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और पोस्ट मास्टर ने सरंपच पर चाकू से हमला कर दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों की सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने आरोपी रामजी प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच की जा रही है।

राज्य स्तरीय–उल्लास मेला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आगामी आठ सितंबर को राज्य स्तरीय उल्लास मेले में 'उल्लास साक्षरता' अभियान का शुभारंभ करेंगे। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण–एससीईआरटी के संचालक राजेन्द्र कटारा ने बताया कि राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय उल्लास मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित गतिविधियों के दस स्टॉल लगाए जाएंगे। उल्लास साक्षरता अभियान का शुभारंभ और मेले का प्रसारण सोशल मीडिया के जरिये सभी ब्लॉक

मुख्यालयों और पंचायत स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में शिक्षा और साक्षरता के प्रति जन–जागरूकता के लिए आगामी एक से सात सितंबर तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उल्लास कार्यक्रम के तहत ब्रांड एम्बेसडर भी बनाया जाएगा। साक्षरता अभियान में योगदान देने वाले दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को बोनस अंक भी दिया जाएगा।

जन्माष्टमी

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी आज छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रदेश के कृष्ण मंदिरों में आवश्यक तैयारियां की गई हैं। मंदिरों और घरों में आज रात भगवान श्रीकृष्ण की विशेष रूप से पूजा–अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण को माखन–मिश्री के अलावा अन्य कई चीजों का भोग लगाया जाएगा।

इस बीच, राजधानी रायपुर में भी कृष्ण मंदिरों की विशेष साज–सज्जा की गई है। मंदिरों को रंग–बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। इस मौके पर श्रीकृष्ण के बाल गोपाल रूप का श्रृंगार कर विशेष पोशाक पहनाई जाएगी। राजधानी में टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर, समता कॉलोनी के राधा–कृष्ण मंदिर और मठपारा स्थित दूधाधारी मठ में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोगों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं।

गांजा–नशीला पदार्थ/नष्ट

राजनांदगांव रेंज के चार जिलों में बरामद किए गए करीब छह करोड़ रूपए के गांजा और नशीली दवाइयों को पुलिस ने नष्ट कर दिया है। सोमनी क्षेत्र के सांकरा रोड स्थित एक फैक्ट्री के भस्मीकरण यंत्र में पुलिस ने कल रविवार को छह हजार पांच सौ किलो से अधिक गांजा को जलाकर नष्ट किया। वहीं, दो हजार आठ सौ से अधिक नशीले कैप्सूल, एक सौ उनहत्तर टेबलेट और एक हजार छह सौ बहत्तर इंजेक्शन को फैक्ट्री एरिया में ही गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया। नष्टीकरण की कार्रवाई के दौरान राजनांदगांव रेंज के आईजी दीपक कुमार झा सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

उधर, कोंडागांव जिले की फरसगांव पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के चारपहिया वाहन से एक सौ इक्कीस किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत बारह लाख रूपए आंकी गई है।

जवान–मौत

दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ कैम्प में पदस्थ एक जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ की एक सौ पंचानवीं बटालियन के जवान विपिन्द्र चन्द्र ने आज सुबह अपने बैरक में एके–सैंतालीस रायफल से खुद पर फायर कर दिया। घायल जवान को तत्काल दंतेवाड़ा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

दुर्घटना

दुर्ग जिले के पाटन थाना क्षेत्र में कल देर शाम हुई एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पाटन थाना प्रभारी अनिल साहू ने बताया कि एक चारपहिया वाहन ग्राम अरसनारा चौक के पास

अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में वाहन चालक और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।

<u>आसिफ़ अली—गोल्ड मेडल</u>

भिलाई के पावर लिफ्टर आसिफ अली ने राष्ट्रीय पॉवरलिफ़्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। कोलकाता में बीस से पच्चीस अगस्त तक आयोजित पचासवीं गोल्डन जुबली, सीनियर राष्ट्रीय पॉवरलिफ़्टिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन एक सौ बीस किलो हेवी वेट वर्ग में आसिफ़ अली ने कुल सात सौ साठ किलो वजन उठाकर बेंचप्रेस में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ ने इस उपलब्धि के लिए आसिफ अली को बधाई दी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>